an>

Title: Need to conduct a fresh survey to decongest National Highway No.3 in Dholpur Parliamentary constituency of Rajasthan .

**डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र जिला धौलपुर में नेशनल हाईवे-3 पर बने नवनिर्मित तीन पुलों की ओर आपका ध्यान आकर्Âिा त करना चाहता हूं। इस हाईवे पर बने तीन पुलों के कारण धौलपुर शहर दो भागों में विभाजित हो गया है। शहर के निवासियों को पूर्वी भाग से पश्चिम भाग की तरफ जाने के लिए काफी लम्बा रास्ता तय करना पड़ता है। इस हाईवे पर आये दिन दुर्घटनाएं होने से कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

मेरा आपके माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से आग्रह है कि धौलपुर शहर में नेशनल हाईवे नम्बर 3 पर बनी तीनों पुलियाओं एवं नेशनल हाईवे नम्बर 3 की डिजाइन का पुनः सर्वे कराया जाए तथा तीनों पुलियाओं को जोड़ते हुए एक नई पुलिया बनाई जाए, जिससे धौलपुर शहर की जनता को आवागमन की सुविधा एवं दुर्घटनाओं से राहत मिलेगी। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भोला सिंह जी, आप बोलिये। आप यह ध्यान में रखिये कि आपकी जगह डा.भोला सिंह जी बोलकर गये हैं, ऐसा भी होता है।